# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–11.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **भारतीय तटरक्षक बल जागरूकता अभियान का रांची में हुआ शुभारंभ, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा–ऑपरेशन सिंदूर के बाद युवाओं को रक्षा क्षेत्र के प्रति दिशा देने के लिए शुरू की गई यह पहल।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक, महंगाई भत्ते में वृद्धि समेत कुल 27 प्रस्तावों को मिली मंजूरी।**
3. **राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की टीम ने रामगढ़ में कर्मा परियोजना में खुली खदान का किया निरीक्षण, मृतकों के परिजनों को मुआवजा और रोजगार देने के दिये निर्देश।**
4. **कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ददई दुबे का पार्थिव शरीर लाया गया रांची, राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि। और,**
5. **स्वास्थ्य और रेल मंत्रालय के सहयोग कोडरमा जंक्शन में संचालित हो रही देश की पहली और एकमात्र हॉस्पिटल ट्रेन, लाइफ लाइन एक्सप्रेस, 30 जुलाई तक दी जाएंगी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं।**

*******************

भारतीय तटरक्षक बल के प्रति युवाओं को जागरूक और प्रेरित करने के उद्देश्य से आज रांची में विशेष अभियान की शुरुआत की गईद्य केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने प्रेस वार्ता में बताया कि 20 जुलाई तक चलने वाला यह अभियान पहली बार स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद युवाओं को रक्षा क्षेत्र से जुड़ने और प्रोत्साहित करने के लिए इस पहल की शुरूआत की गई है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में जिला योजना अनाबद्ध निधि की मार्गदर्शिका में संशोधन, विभिन्न सड़क परियोजनाओं के निर्माण और पुनर्निर्माण हेतु करोड़ों की प्रशासनिक स्वीकृति समेत कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। इनमें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी दी गई, वहीं राज्य कर्मियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते में 6 फ़ीसदी की वृद्धि की स्वीकृति भी दी गई। राज्य की गृह सचिव वंदना दादेल ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 से 7 अगस्त तक आयोजित करने पर भी सहमति बनी।

*******************

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की चार सदस्यीय टीम ने आज रामगढ़ के कुज्जु स्थित कर्मा परियोजना में अवैध खनन क्षेत्र का निरीक्षण किया। आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा के नेतृत्व में टीम ने उस स्थल का भी दौरा किया, जहां हाल ही में चाल धसने से चार लोगों की मौत हो गई थी। निरीक्षण के बाद डॉ. लकड़ा ने सीसीएल और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर मृतकों के परिजनों को मुआवजा और पुनर्वास को लेकर निर्देश दिए।

*******************

राज्यपाल संतोष गंगवार से भोजपुरी, मगही, मैथिली, अंगिका मंच के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और इन भाषाओं को नियोजन नीति में क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल करने की मांग की। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह सरकार को पत्र लिखकर इस विषय पर गंभीरता से विचार करने का अनुरोध करेंगे। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से भी इस विषय पर संवाद करने की सलाह दी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हज़ार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। 16वां राष्ट्व्यापी रोज़गार मेला रांची समेत देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। रांची में सीसीएल में आयोजित रोजगार मेले में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद रहेंगे।

*******************

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और झारखंड के पूर्व मंत्री सह पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ़ ददई दुबे का दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को आज रांची स्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लाया गया, जहां नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने अपना एक मजबूत स्तंभ खो दिया है।

इधर राज्यपाल संतोष गंगवार ने ददई दुबे के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनका निधन झारखंड की राजनीति और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी दिवंगत चंद्रशेखर दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्होंने शोक–संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की।

******************

खूंटी के बाबा आम्रेश्वरधाम में आज से श्रावणी मेले की शुरुआत हुई, जिसका विधिवत उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक रामसूर्या मुंडा और पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने किया। इस अवसर पर मंदिर में पूजन और आरती कर श्रावणी पूजा की विधि संपन्न की गई। इस अवसर पर श्री सेठ ने देश और झारखंड के विकास की कामना की।

******************

कोडरमा जंक्शन के आउटर लाइन पर खड़ी देश की पहली और एकमात्र हॉस्पिटल ट्रेन श्लाइफ लाइन एक्सप्रेसश के जरिए 30 जुलाई तक निशुल्क मल्टी सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। स्वास्थ्य और रेल मंत्रालय के सहयोग से संचालित इस ट्रेन में दो ऑपरेशन थिएटर, जांच लैब, प्री और पोस्ट केयर यूनिट की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि जिला प्रशासन ने इस पहल को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए हैं ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें।

******************

सहिबगंज जिले में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शुभारंभ किया गया है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

विश्व जनसंख्या दिवस पर डालटनगंज के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में परिवार नियोजन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर एसडीओ सुलोचना मीणा, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव और प्रिंसिपल पीएन महतो ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर वक्ताओं ने बढ़ती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए गर्भनिरोध के फायदे और खुशहाल जीवन के लिए परिवार नियोजन अपनाने की अपील की।

***************